अंक-योजना

अत्यंत गोपनीय

(केवल आंतरिक और प्रतिबंधित उपयोग के लिए)

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा, 2026

विषय---हिंदी (ऐच्छिक)

**Series: Q3SPR** (प्रश्न-पत्र कोड **29/**3/3)

## सामान्य निर्देश: -

| | |
|---|---|
| 1 | सीबीएसई ने 2026 की परीक्षा से कक्षा XII की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' (OSM) शुरू करने का निर्णय लिया है। |
| 2 | आप जानते ही हैं कि परीक्षार्थियों के वास्तविक और सही मूल्यांकन में 'मूल्यांकन' सबसे महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी गलती भी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है, जिसका प्रभाव परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और शिक्षण पर पड़ सकता है। आपसे अनुरोध है कि गलतियों से बचने के लिए मूल्यांकन शुरू करने से पहले 'मूल्यांकन दिशा-निर्देशों' को ध्यान से **अवश्य** पढ़ें, समझें और मूल्यांकन करते समय उनका पालन **अवश्य** करें। |
| 3 | "मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं की गोपनीयता से संबंधित है। किसी भी तरह से इसे सार्वजनिक करने से परीक्षा-प्रणाली पटरी से उतर सकती है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकती है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट में छापना आदि बोर्ड और बीएनएस के विभिन्न नियमों के अंतर्गत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।" |
| 4 | मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों और निर्धारित चरणों (Steps) के अनुसार किया जाना चाहिए। इसे किसी की अपनी व्याख्या या किसी अन्य विचार के अनुसार नहीं किया जाना चाहिए। अंक-योजना का सख्ती से पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित हैं, उनका सत्यता एवं प्रासंगिकता के आधार पर मूल्यांकन किया जाए। योग्यता-आधारित प्रश्नों का मूल्यांकन करते समय दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें और उचित अभिव्यक्ति पर उचित अंक दें। |
| 5 | अंक-योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझावात्मक बिंदु दिए गए हैं। ये केवल दिशा-निर्देश हैं। परीक्षार्थी की प्रस्तुति अगर सही है, तो प्रश्न के आधार पर उचित अंक दिए जाएँ। |
| 6 | प्रधान परीक्षक को पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा मूल्यांकित पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं का पुनरावलोकन अवश्य करना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार किया गया है। यदि मूल्यांकन में कोई भिन्नता है तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद उसे दूर किया जाना चाहिए। मूल्यांकन के लिए शेष उत्तर पुस्तिकाएँ यह सुनिश्चित करने के बाद ही दी जाएँ। |

| | |
|---|---|
| **7** | मूल्यांकनकर्त्ता उत्तर सही होने पर सही (✓) का निशान लगाएँ, गलत उत्तर के लिए क्रॉस (**X**) का निशान लगाएँ। मूल्यांकन करते समय सही (✓) का निशान नहीं लगाने पर भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है और यह आभास होता है कि उत्तर सही है और कोई अंक नहीं दिया गया। |
| **8** | अगर किसी प्रश्न में उपभाग हैं तो कृपया OSM पोर्टल में प्रत्येक उपभाग के लिए दाईं ओर अंक दें। प्रश्न के विभिन्न उपभागों पर दिए गए अंकों का योग OSM सिस्टम करेगा। |
| **9** | यदि किसी प्रश्न में कोई उपभाग नहीं है, तो OSM पोर्टल में बाईं ओर हाशिये में अंक दिए जाने चाहिए। इसका भी सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। |

| | |
|---|---|
| **10** | वर्तनी संबंधी एक ही अशुद्धि के लिए बार-बार अंक न काटा जाए। |
| **11** | अंकों के पूरे पैमाने 0 से 80 अंक का उपयोग किया जाए। यथोचित उत्तर पर पूरे अंक देने में संकोच न करें। |
| **12** | प्रत्येक परीक्षक को अनिवार्य रूप से पूरे कार्यसमय अर्थात प्रतिदिन 8 घंटे मूल्यांकन कार्य करना होगा तथा मुख्य विषयों में प्रतिदिन 20 उत्तर पुस्तिकाओं तथा अन्य विषयों में प्रतिदिन 25 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा (विवरण दिशा-निर्देशों में दिया गया है)। यह पाठ्यक्रम में कमी तथा प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या को ध्यान में रखते हुए किया गया है। |
| **13** | उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय यदि उत्तर पूर्णतः गलत पाया जाए, तो उस पर क्रॉस (X) का निशान लगाकर शून्य (0) अंक दिया जाना चाहिए। |
| **14** | परीक्षकों को वास्तविक मूल्यांकन शुरू करने से पहले मूल्यांकन के लिए दिए गए दिशानिर्देशों से परिचित होना चाहिए। |
| **15** | परीक्षार्थी निर्धारित प्रोसेसिंग फीस का भुगतान करके उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। सभी परीक्षकों/अतिरिक्त प्रधान परीक्षकों/प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि मूल्यांकन प्रत्येक उत्तर के लिए अंकयोजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार सख्ती से किया गया है। |
| **16** | यदि किसी परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न का उत्तर लिखा है तो अधिक अंक पाने वाले प्रश्न के उत्तर को ही स्वीकार किया जाना चाहिए तथा अन्य उत्तर पर ‘अतिरिक्त प्रश्न’ लिखकर काट दिया जाना चाहिए। |
| **17** | यदि परीक्षार्थी ने कोई प्रश्न नहीं किया है, तो मूल्यांकनकर्ता उस प्रश्न-संख्या के सामने अंकतालिका में “NA” (प्रयास नहीं किया गया) अंकित करेगा। |

**अंक योजना**

**हिंदी ऐच्छिक (विषय कोड - 002)**

**प्रश्न-पत्र कोड : 29/3/3 (Q3SPR)**

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

| प्र. सं. | अपेक्षित/सांकेतिक उत्तर बिंदु | अंक | Step |
|---|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | | |
| **1.** | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | 10 | |
| (i) | (D) इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति सतर्कता | 1 | Step 1-1 Mark |
| (ii) | (A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है। | 1 | Step 1-1 Mark |
| (iii) | (D) केवल III | 1 | Step 1-1 Mark |
| (iv) | साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी और समझ | 1 | Step 1-1 Mark |
| (v) | • **चुनौती** - स्थानीय और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक साइबर सुरक्षा-सामग्री की कमी<br>• **उपाय** – साइबर सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाना, स्थानीय भाषा में जानकारी उपलब्ध कराना | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| (vi) | • इंटरनेट सुरक्षा के बुनियादी नियमों की जानकारी<br>• सतर्क और सावधान रहकर इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| (vii) | **साइबरपीस कॉर्प्स-**<br>साइबर सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों का नेटवर्क<br>**योगदान-**<br>• जमीनी स्तर पर जाकर लोगों को जागरूक करना<br>• उन्हें साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देना, साइबर पीड़ितों की मदद करना इत्यादि | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| **2.** | अपठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | 8 | |
| (i) | (B) अंदरूनी पीड़ा और कसक को | 1 | Step 1-1 Mark |
| (ii) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 | Step 1-1 Mark |
| (iii) | (C) संवेदनशील | 1 | Step 1-1 Mark |
| (iv) | • तकनीकी विकास के कारण मोबाइल और इंटरनेट का चिट्ठियों की जगह ले लेना | 1 | Step 1-1 Mark |
| (v) | • तकनीकी विकास के कारण रिश्तों में दूरी और संवेदनाओं में कमी<br>• मानव का आत्मकेंद्रित हो जाना | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| (vi) | • सामाजिक संबंधों में आत्मीयता का अभाव | 2 | Step 1-1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • मानवीय संवेदनाओं में कमी | | Step 2-1 Mark |
| | **खंड - ख**<br>**(अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित)** | | |
| **3.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में अपेक्षित : | 3x2=6 | |
| (i) | • 'शब्द' कविता का महत्त्वपूर्ण उपकरण, हर शब्द का एक विशिष्ट अर्थ, भाव और प्रभाव<br>• कविता में शब्दों के पर्याय किसी शब्द विशेष के भाव, अनूभूति या दृश्य को प्रस्तुत करने में असमर्थ<br>**उदाहरण** -'मोचीराम' कविता जिसमें 'चोट' की जगह उसका पर्याय 'मार' रखने पर कविता का भाव बदल जाएगा।<br>अन्य उचित उदाहरण भी स्वीकार्य | 3 | Step 1-2 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| (ii) | **संवाद** –<br>• कथानक को पात्रों के माध्यम से दर्शकों तक पहुँचाने का सबसे जरूरी और सशक्त माध्यम, विचार और भावनाएँ दर्शकों तक संप्रेषित करने में सक्षम<br>**समय का बंधन** –<br>• दर्शकों की एकाग्रता और नाटक से जुड़ाव बनाए रखने के लिए नाटक का एक निश्चित समय सीमा के भीतर पूरा होना आवश्यक | 3 | Step 1-1.5 Mark<br>Step 2-1.5 Mark |
| (iii) | **द्वन्द्व**–<br>• कहानी में उपस्थित टकराव<br>• पात्रों, विचारों तथा परिस्थितियों के बीच संघर्ष<br>**भूमिका-**<br>• कथानक के विकास में सहायक<br>• जिज्ञासा को अंत तक बनाए रखने के लिए<br>• कहानी के प्रभाव को पूरी तरह स्थापित करने में सहायक | 3 | Step 1-2 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| 4. | प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | | |
| (i) | महत्त्वपूर्ण घटना की खबर कम से कम शब्दों में तत्काल दर्शकों / श्रोताओं तक पहुँचाना | 1 | Step 1-1 Mark |
| (ii) | **पत्रकारीय लेखन**–<br>• समाचार माध्यमों में काम करने वाले पत्रकारों द्वारा समसामयिक घटनाओं, समस्याओं और मुद्दों का तथ्यों पर आधारित लेखन<br>**भिन्नता-**<br>• पत्रकारीय लेखन तात्कालिकता और पाठकों की रुचियों और जरूरत पर केंद्रित और सृजनात्मक लेखन लेखक की रुचि और कल्पना पर आधारित | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (अन्य उचित बिंदु भी स्वीकार्य) | | |
| (iii) | **विशेष रिपोर्ट-**<br>• समाचार पत्र-पत्रिकाओं में गहरी छानबीन, विश्लेषण और व्याख्या के आधार पर प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट<br>**महत्त्व-**<br>• महत्त्वपूर्ण सूचनाओं को सामने लाने और किसी भी समस्या का विस्तृत विवरण जानने में उपयोगी | 2 | Step 1-1 Mark<br>Step 2-1 Mark |
| 5. | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित : | 3x2=6 | |
| (i) | • निरक्षर लोगों के लिए अनुपयोगी<br>• तुरंत घटी घटनाओं की सूचना मिलना संभव नहीं<br>• डेडलाइन और शब्दसीमा का बंधन<br>• अशुद्धियों को तुरंत दूर करना संभव नहीं<br>(कोई दो बिंदु स्वीकार्य )<br>**उदाहरण** हेतु विद्यार्थी की स्वतंत्र उचित अभिव्यक्ति स्वीकार्य | 3 | Step 1-2Mark<br>Step 2-1 Mark |
| (ii) | **भाषा-**<br>विषय विशेष से संबंधित तकनीकी शब्दों से युक्त विशिष्ट भाषा<br>**तकनीकी शब्दावली-**<br>प्रत्येक क्षेत्र विशेष (आर्थिक, खेल, पर्यावरण, व्यापार आदि) की अपनी तकनीकी शब्दावली<br>**शैली-**<br>विषय के अनुरूप, उलटा पिरामिड या कथात्मक शैली<br>**उदाहरण** –<br>खेलजगत--गोलकीपर, चैम्पियन, रेफरी, हैट्रिक आदि<br>व्यापार – सोना उछला, चाँदी लुढ़की, तेजड़िया, मंदड़िया आदि<br>पर्यावरण--ग्लोबल वॉर्मिंग, टॉक्सिक कचरा आदि<br>अन्य उचित उदाहरण भी स्वीकार्य | 3 | Step 1-1Mark<br>Step 2-1 Mark<br>Step 3-1 Mark |
| (iii) | • संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित<br>• पाठकों का अपना स्थायी स्तंभ<br>• अपनी समस्याओं को संबंधित विभाग तक पहुँचाने का माध्यम<br>• विभिन्न मुद्दों पर पाठकों की अपनी राय<br>• नए लेखकों के लिए लेखन की शुरूआत करने का मंच<br>(कोई तीन बिंदु स्वीकार्य) | 3 | Step 1-1Mark<br>Step 2-1 Mark<br>Step 3-1 Mark |
| **6.** | किसी **एक विषय** पर लगभग **100** शब्दों में रचनात्मक लेख - | 5 | |
| | • विषयवस्तु - **3** अंक<br>• भाषा - **1** अंक<br>• प्रस्तुति - **1** अंक | | Step 1- 3 Mark<br>Step 2-1 Mark<br>Step 3-1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **खंड - ग**<br>**(पाठ्य-पुस्तकों अतंरा, अंतराल पर आधारित)** | | |
| **7.** | किसी **एक** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित :<br>• संदर्भ : 1 अंक (कवि और कविता का नाम)<br>• प्रसंग : 1 अंक (पूर्वापर संबंध)<br>• व्याख्या : 3 अंक<br>i) सामान्य अर्थ लिखने पर 1 से 2 अंक दिए जाएँ<br>ii) सामान्य अर्थ के साथ भावार्थ स्पष्ट करने पर पूरे 3 अंक दिए जाएँ<br>• विशेष : 1 अंक<br>(i) कवि- तुलसीदास<br>कविता- भरत-राम का प्रेम<br>(ii) कवि- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'<br>कविता- सरोज-स्मृति | 6 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark<br>Step 3- 3 Mark<br>Step 4- 1 Mark |
| **8.** | पठित काव्यांश पर आधारित **बहुविकल्पीय** प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | 1x5=5 | |
| (i) | (B) केवल II | 1 | Step 1-1Mark |
| (ii) | (A) कोकिला | 1 | Step 1-1Mark |
| (iii) | (C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या **नहीं** करता है। | 1 | Step 1-1Mark |
| (iv) | (C) नागमती | 1 | Step 1-1Mark |
| (v) | (B) राजा रत्नसेन की अनुपस्थिति के कारण | 1 | Step 1-1Mark |
| **9.** | काव्य खंड पर आधारित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में अपेक्षित : | 2x2=4 | |
| **(i)** | • निर्भीक<br>• जीने की अदम्य क्षमता<br>• प्रखर और सामर्थ्यवान<br>• ऊर्जावान | 2 | Step 1-1Mark<br>Step 2-1Mark |
| **(ii)** | • मनुष्य का प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना और उसके साथ सामंजस्य स्थापित करना<br>• प्रकृति मनुष्य की सहचरी, प्रकृति के सौंदर्य का अनुभव करने में ही जीवन का आनंद | 2 | Step 1-1Mark<br>Step 2-1Mark |
| **(iii)** | • सुजान द्वारा उपेक्षा किए जाने पर भी उससे मिलने की अंतहीन प्रतीक्षा | 2 | Step 1-1Mark<br>Step 2-1Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • सुजान के दर्शन की अभिलाषा में मरणासन्न स्थिति तक पहुँच जाने के बाद भी मिलने की छटपटाहट | | |
| **10.** | किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित :<br>• संदर्भ : 1 अंक (पाठ और लेखक का नाम)<br>• प्रसंग : 1 अंक (पूर्वापर संबंध)<br>• व्याख्या : 3 अंक<br>i) सामान्य अर्थ लिखने पर 1 से 2 अंक दिए जाएँ<br>ii) सामान्य अर्थ के साथ भावार्थ स्पष्ट करने पर पूरे 3 अंक दिए जाएँ<br>• विशेष : 1 अंक<br>(i) पाठ - लघुकथाएँ (शेर)<br>लेखक- असगर वजाहत<br>(ii) पाठ- प्रेमघन की छाया-स्मृति<br>लेखक- रामचंद्र शुक्ल | 6 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark<br>Step 3- 3 Mark<br>Step 4- 1 Mark |
| **11.** | पठित गद्यांश पर आधारित **बहुविकल्पीय** प्रश्नों के उत्तर : | 1x5=5 | |
| (i) | (B) कुटज के संदर्भ में | 1 | Step 1- 1 Mark |
| (ii) | (C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या **नहीं** करता है। | 1 | Step 1- 1 Mark |
| (iii) | (C) जीवटता | 1 | Step 1- 1 Mark |
| (iv) | (D) केवल I और II | 1 | Step 1- 1 Mark |
| (v) | (B) दृढ़ता और सहनशीलता से | 1 | Step 1- 1 Mark |
| **12.** | गद्य-खंड पर आधारित **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में अपेक्षित : | 2x2=4 | |
| **(i)** | • आधुनिक समय में संचार की स्थिति बेहतर-डाकिया द्वारा संदेश भेजना, घर बैठे संवाद-संप्रेषण, कम समय में संदेश पहुँचाना संभव<br>• ऐसे में संवदिया की बुलाहट पर अचरज, बड़ी हवेली में किसी अनिष्ट की आशंका, गुप्त संदेश ले जाने की संभावना | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |
| **(ii)** | • प्रकृति मनुष्य के जीवन का आधार और मनुष्य प्रकृति का एक अभिन्न अंग<br>• दोनों एक दूसरे के पूरक, मनुष्य प्रकृति पर निर्भर और प्रकृति को भी मनुष्य की आवश्यकता, मनुष्य द्वारा किए गए कार्यों का प्रभाव प्रकृति पर भी | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • अमरौली प्रोजेक्ट के तहत नवागाँव को उजाड़ा जाना और इसके विरोध में पेड़ों द्वारा मिलकर मूक सत्याग्रह करना (सूख जाना)<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(iii)** | • जीवित वृक्ष के हरे पत्तों के मधुर मर्मर से<br>**क्यों** –<br>• लड्डू की माँग बच्चे के भीतर बालपन का भाव<br>• लड्डू माँगना हरे पत्तों की जीवंत ध्वनि के समान | 2 | Step 1- 1 Mark<br>Step 2- 1 Mark |
| **13.** | **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित : | 5x2=10 | |
| **(i)** | • एक नेत्रहीन व्यक्ति के दैनिक जीवन निर्वाह में अनेक कठिनाइयाँ, बेबसी और लाचारी से भरा जीवन जीने को अभिशप्त<br>• सूरदास का व्यक्तित्व इसके विपरीत-- नेत्रहीन और गरीब होने के बावजूद परिस्थितियों से लड़ने का अटूट साहस और जीवटता<br>• कभी हार न मानना, झोपड़ी जल जाने पर दुबारा बनाने का दृढ़ संकल्प करना, जीवन को खेल समझना<br>**प्रेरणा** – विद्यार्थी के मतानुसार स्वतंत्र, उन्मुक्त उत्तर | 5 | Step 1- 2 Mark<br>Step 2- 3 Mark |
| (ii) | **विशेषताएँ** –<br>• स्वच्छ, सुंदर प्राकृतिक परिवेश – चाँदनी रात, रंग-बिरंगे फूल<br>• संबंधो में आत्मीयता, पारस्परिक लगाव<br>• अपनी आवश्यकता के लिए प्रकृति पर निर्भरता<br>• प्रकृति के साथ सहज अंतरंगता आदि<br>**आधुनिक समय में ग्रामीण जीवन में बदलाव** –<br>उचित अभिव्यक्ति पर यथोचित अंक दिए जाएँ | 5 | Step 1- 2 Mark<br>Step 2- 3 Mark |
| (iii) | • आधुनिक औद्योगिक सभ्यता वस्तुत: विकास की नहीं बल्कि विनाश की खाऊ-उजाड़ू सभ्यता<br>• नदियों का सूख जाना, पारिस्थितिकीय असंतुलन, हानिकारक गैसों का उत्सर्जन, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, सदानीरा नदियों का चौमासी नदियों में बदल जाना आदि<br>**प्रयास** –<br>• प्रकृति का सरंक्षण और संवर्धन<br>• सहअस्तित्ववादी, संयमित एवं अनुशासित जीवन-शैली<br>• जल के परंपरागत संसाधनों का आधुनिकीकरण तथा संरक्षण आदि | 5 | Step 1- 2 Mark<br>Step 2- 3 Mark |